# प्रदेश में स्थापित हुईं बायो एनर्जी की 33 परियोजनाएं

## सीबीजी के क्षेत्र में देश में पहले स्थान पर है यूपी

लखनऊ। प्रदेश में बायो एनर्जी की 33 परियोजनाएं स्थापित हो गई हैं, जबकि 147 परियोजनाओं को मंजूरी मिल चुकी है। ऐसे में उत्तर प्रदेश कंप्रेस्ड बायो गैस (सीबीजी) क्षेत्र में देश में पहले स्थान पर है।

प्रदेश सरकार ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के लिए वैकल्पिक और स्वच्छ ऊर्जा पर ध्यान केंद्रित कर रही है। इसके लिए प्रदेश में सोलर एनर्जी के साथ-साथ जैव ऊर्जा को व्यापक स्तर पर प्रोत्साहित किया जा रहा है। प्रदेश में बायो एनर्जी की 147 परियोजनाओं को प्राथमिक स्वीकृति मिल चुकी है, जिसकी कुल लागत 5289 करोड़ रुपये हैं। इनमें से अब तक कुल 62 परियोजनाओं को राज्य कमेटी द्वारा अनुमोदित किया जा चुका है। राज्य स्तर पर अनुमोदित परियोजनाओं में 47 बायो सीबीजी परियोजना हैं, जिनकी क्षमता 407 टीपीडी और लागत 2589 करोड़ रुपए है। वहीं 253 टीपीडी और 15 करोड़ की लागत वाले छह बायो कोल परियोजना और 438 केएलपीडी व 72 करोड़ रुपए की लागत वाले 9 बायो डीजल परियोजना को भी स्वीकृति मिल चुकी है। ब्यूरो